भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का दायित्व भी सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के साहित्य की समीक्षा करना।
- परीक्षणों, प्रकाशित अध्ययनों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवाचार पोर्टल की उत्पाद श्रेणी के अंतर्गत प्रस्तुत उत्पाद पैकेज विवरण एवं नवाचारों पर आधारित प्रौद्योगिकी की प्रभावकारिता के बारे में जानकारी एकत्र करना।
- प्रौद्योगिकी की लागतों और कीमत निर्धारण पर आंकड़ा विश्लेषण/बाजार अनुसंधान।
- द्वितीयक साहित्य के आधार पर प्रौद्योगिकियों के सुरक्षातमक पहलू की समीक्षा करना
- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के कानूनी, नैतिक और सामजिक प्रभावों की समीक्षा करना
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्टें लिखना।
- संभाग में समय–समय पर सौंपे जाने वाले या कार्यकारी निदेशक द्वारा वांछित अन्य कार्य करना।

पात्रताः

- मूल शैक्षणिक योग्यता– विज्ञान/इंजीनियरिंग/नैदानिक अनुसंधान में स्नातक उपाधि।
- स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान, जैसे कि जन स्वास्थ्य/नैदानिक अनुसंधान/स्वास्थ्य सूचना प्रबंध/स्वास्थ्य प्रबंध स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन के क्षेत्र में प्रकाशित अध्ययन या उपकरणों पर प्रकाशित अध्ययनों का मेटा विश्लेषण।
- न्यूनतम तीन स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्टों सहित मूल योग्यता उपरांत कार्य करने का 2 वर्षों का अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष
कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच
संविदा अवधि : दो वर्ष
***** संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

टिप्पणी:

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- **यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक 3 अगस्त 2016 में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।**

- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।